# क्रिकेट खेलते समय बच्चों को दिखी लाश, इलाके में फैली सनसनी

**खास बातें**
- 3-4 दिन पुराना शव होने की आशंका
- नशे के ओवरडोज से मौत की आशंका
- बदबू आने पर हुआ खुलासा



नवभारत न्यूज

**विदिशा 20 मार्च, शहर के मुगल टोला इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब क्रिकेट खेल रहे बच्चों को एक मकान के अंदर युवक की लाश दिखाई दी . घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए .**

जानकारी के अनुसार कुछ बच्चे गली में क्रिकेट खेल रहे थे . खेल के दौरान उनकी गेंद पास के एक बंद मकान के अंदर चली गई . जब बच्चे गेंद लेने के लिए अंदर पहुंचे तो वहां एक युवक का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया . शव की हालत देखकर बच्चे घबरा गए और तुरंत आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी .सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी गई . पुलिस टीम भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की . मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय फिरोज खान पुत्र हबीब खान निवासी मुगल टोला के रूप में की गई है .

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की मौत नशे के ओवरडोज के कारण होने की आशंका जताई जा रही है . बताया जा रहा है कि शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना है . लंबे समय तक पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह अकड़ चुका था और उसमें से तेज बदबू भी आ रही थी . इसी बदबू के चलते आसपास के लोगों को शक हुआ और बाद में पूरी घटना का खुलासा हुआ .स्थानीय निवासी मुआज कामिल ने बताया कि फिरोज खान अक्सर घर से बाहर रहते थे और उनका आना-जाना नियमित नहीं था . इस कारण परिजनों को भी ज्यादा चिंता नहीं हुई . उन्हें आखिरी बार मंगलवार को इलाके में देखा गया था .

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवा दिया है . कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा . बताया जा रहा है कि ईद के चलते देर रात शव का अंतिम संस्कार किए जाने की संभावना है . फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है .

# बेमौसम बारिश ने किसानों को चिंता में डाला

**क्षेत्र में फसलों की कटाई का दौर जारी**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 20 मार्च, क्षेत्र में इन दिनों मौसम में आये बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. मौसम में बदलाव से किसान फसलों को लेकर चिंतित हैं. क्षेत्र में इन दिनों फसलों की कटाई का दौर जारी है. ऐसे में बारिश से फसलों की कटाई के कार्य पर असर पड़ेगा. वही बारिश होने से फसलों को भी नुकसान की आशंका है.**

क्षेत्र में गुरुवार की रात में मौसम ने करवट ली. इस दौरान क्षेत्र में कुछ जगह बूंदाबांदी एवं कुछ जगह बारिश होने की जानकारी मिली है. तो वही शुक्रवार को भी आसमान में बादलों का डेरा रहा. बारिश के बाद तापमान में भी कमी रही. एवं हवा में भी ठंडक रही. मौसम में बदलाव से किसानों के चेहरे पर एक बार फिर मायूसी छा गई. क्षेत्र में इन दिनों मौसम में बदलाव से किसान फसलों को लेकर काफी चिंतित हैं. क्षेत्र में खेतों में फसल पककर खड़ी है. कई जगह फसलों की कटाई हो चुकी है, तो कई जगह फसलों की कटाई का दौर जारी है. ऐसे में क्षेत्र में किसान फसलों को खेतों से सुरक्षित ले जाने के भरसक प्रयास में है. लेकिन मौसम में आ रहे बदलाव से किसान चिंतित है. क्षेत्र में गुरुवार को मौसम में बदलाव दिखाई दिया. जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई. सिरोंज में गुरुवार को आसमान में बादलों का डेरा रहा. वही गुरुवार रात में बूंदाबांदी एवं बारिश हुई. इस दौरान आसमान में बादल छाए रहे. वही शुक्रवार को भी दिनभर आसमान में बादल छाए रहे. इस दौरान दिन में बादल गरजते दिखाई दिए. बारिश के बाद तापमान में भी कमी रही. इस दौरान ठंडी हवायें चलती रही. बारिश होने से किसानों को नुकसान हो जावेगा. जिससे किसान काफी चिंतित है. उन्होंने बताया कि गुरुवार को क्षेत्र में कुछ जगह पर बूंदाबांदी तो कुछ जगह पर बारिश हुई है.

## बारिश से गेहूं की चमक होगी फीकी

मौसम में बदलाव आने एवं बूंदाबांदी होने से लोग एवं किसान परेशान दिखाई दिए. मौसम में हो रहे परिवर्तन से फसलों की रंगत एवं गुणवत्ता प्रभावित होने का डर किसानों को परेशान कर रहा है. मौसम में बदलाव होने से किसान फसलों को लेकर परेशान है. इस संबंध में कृषक राजेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि मौसम में बदलाव होने से किसान फसलों को लेकर चिंतित है. किसानों को बारिश होने से फसलें प्रभावित होने की चिंता सता रही है. क्षेत्र में गेहूं, चना आदि फसलें खेतों में पककर खड़ी हैं. कई जगह फसलों की कटाई हो चुकी है, तो कई जगह फसलों का कटाई का दौर चल रहा है. बारिश से फसलों की कटाई का कार्य प्रभावित हो रहा है. बारिश होने से फसलों की रंगत पर भी असर पड़ेगा. वही फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो जावेगी. खेतों में रखी फसल भी सड़ने की संभावना है. क्षेत्र में एक बार फिर मौसम में बदलाव से किसानों को परेशानी में डाल दिया है.

## एक नजर में

### बे-मौसम बरसात से फसलों को नुकसान

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज,** क्षेत्र में बे-मौसम बरसात से फसलों को नुक्सान हुआ है चना पिसी पानी से दागी हो गई जो फसल कटाई के लिए तैयार थी वह भी पानी से दागी होगी पानी के साथ ओले भी गिरे हैं आसपास के गांवों से ऐसे समाचार मिल रहे हैं. सोनू दांगी खामखेड़ा ने बताया कि आई फसल पर पानी व ओलों से किसानों को जो नुकसान हुआ है उसका आकलन कर शासन से अनुरोध है कि किसानों को राहत राशि दी जावे.

### नवरात्रि से पहले विदिशा में पुलिस का फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नवरात्रि एवं आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है. शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया. यह मार्च कोतवाली, सिविल लाइन, तिलक चौक, बड़ा बाजार, बस स्टैंड सहित कई प्रमुख स्थानों से होकर गुजरा. फ्लैग मार्च में विभिन्न थाना प्रभारियों सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा. पुलिस का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है. पुलिस ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है, साथ ही सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है. नागरिकों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई है. कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

### बारिश के साथ ओला वृष्टि से हुआ नुकसान

नवभारत न्यूज

**पठारी,** तहसील क्षेत्र के ग्राम बांद्रावठा, बिलगोना सहित क्षेत्र में दोपहर 3 बजे से तेज हवा और पानी के साथ चना के आकार के ओले भी गिरे जिससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में अधिक नुकसान हुआ है.

# जलपात्र और पानी की टंकी रखकर मनाई गुड़ी पड़वा नव वर्ष का किया अभिनंदन



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, पंचतत्व संरक्षण समिति ने हर वर्ष की तरह नवसंवत्सर गुड़ी पड़वा के अवसर पर पक्षी चेतना अभियान के अंतर्गत निःशुल्क जल पात्र वितरण का कार्यक्रम आरम्भ किया. यह कार्यक्रम पूज्य संत जगन्नाथ दास जी महाराज की तपस्थली नौलखी धाम पर किया गया. पूज्य संत श्रीमहंत श्री राममनोहर दास जी महाराज के सानिध्य में , पंचतत्व संरक्षण समिति के सदस्यों की उपस्थित में ब्राह्मणों द्वारा पक्षियों के दाना पानी के लिए जलपात्रों की पूजा अर्चना की गई. श्री महंत जी के करकमलों से उपस्थित लोगों को जलपात्र का निःशुल्क वितरण किया गया तथा मंदिर प्रांगण में लगे वृक्षों पर जलपात्र टांग कर पानी भी भरा गया.**

इस अवसर पर श्री महंत जी ने अपने आशीष वचन में कहा कि पंचतत्व समिति के भक्तों ने आज से एक अच्छा कार्य आरम्भ किया है.इस अवसर पर पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, प्रमोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ,राजेंद्र व्यास, ज्ञान प्रकाश भार्गव,अशोक अग्रवाल , शैलेन्द्र यादव,शैलेन्द्र दीक्षित राकेश खंडेलवाल विमल जैन ,अशोक भावसार, रामसिंह रघुवंशी, गजराज सिंह,जसवंत सिंह,देवी सिंह , प्रवीण प्रताप सिंह , अमान सिंह धीरेन्द्र सिंह,विजय ठाकुर बृजेंद्र दांगी, रमन दांगी ,रणवीर सिंह,गोपाल सिंह,संजू सिंह,कुंअर सिंह यशपाल सिंह दांगी, कृष्णकांत विश्वकर्मा आदि जन उपस्थित थे.

# हाजी लतीफ हुए सुपुर्द-ए-खाक

**अलविदा जुमे की रात इंतकाल, समाज में शोक की लहर**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सब्जी मंडी का एक शानदार किरदार, नेकी और ईमानदारी की मिसाल 57 वर्षीय हाफिज लतीफ साहब अब हमारे बीच नहीं रहे. उनके निधन से मुस्लिम समाज को अपूरणीय क्षति हुई है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है. पवित्र रमजान माह में अलविदा जुमे की रात, ठीक ईद से एक दिन पूर्व उनका इस दुनिया से रुख़सत होना एक मुकद्दस और सौभाग्यशाली समय माना जा रहा है.**

मरहूम हाफिज लतीफ साहब एक धार्मिक परिवार से ताल्लुक रखते थे. उनके तीनों बेटे हाफिज हैं. उनके पिताजी और बड़े बाबा भी हाजी रहे हैं. उन्होंने मुगल टोली की मस्जिद में कई वर्षों तक इमामत कर समाज की सेवा की और लोगों के दिलों में खास जगह बनाई. वे हाजी रमजानी एवं हाजी अब्दुल हबीब साहब के सुपुत्र थे तथा हाफिज आमीन, हाफिज ताल्हा और हाफिज जकरिया के वालिद थे. मस्जिद झूलन पीर में जनाजे की नमाज अता की गई, जिसके बाद जतरापुरा स्थित राईन कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया. उनके इंतकाल से परिवार, मित्रों और समाज में गहरा शोक व्याप्त है.

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ . विशाल बघेल का स्वागत




नवभारत न्यूज

**विदिशा, भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल का विदिशा आगमन पर भव्य स्वागत किया गया . उनके आगमन की सूचना मिलते ही शहर के चिकित्सकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया और सभी ने स्वागत की तैयारियां शुरू कर दीं .**

डॉ. बघेल सांची पहुंचे जहां डॉक्टर शिवराज पिपरौदिया के नेतृत्व में उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया . इसके बाद वे खामखेड़ा में आयोजित निजी कार्यक्रम में शामिल हुए जहां स्थानीय नागरिकों, बघेल समाज और भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया .खामखेड़ा से डॉ. बघेल को काफिले के रूप में विदिशा लाया गया . यहां भाजपा कार्यालय में पहले से ही डॉक्टर गौरव शर्मा सहित अन्य चिकित्सक और उनके साथी स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए थे . उनके पहुंचते ही शॉल, श्रीफल, फूलमाला और मिठाई के साथ भव्य स्वागत किया गया .

इसके बाद निजी चिकित्सकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई . बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. बघेल ने कहा कि उन्हें प्रदेश नेतृत्व द्वारा चिकित्सकों के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है और उनका दायित्व है कि वे डॉक्टरों की बात सरकार और संगठन तक पहुंचाएं . उन्होंने कहा कि चिकित्सा केवल व्यवसाय नहीं बल्कि सेवा का कार्य है और हर डॉक्टर को सेवाभाव से कार्य करना चाहिए .उन्होंने कहा कि रात के किसी भी समय यदि कोई मरीज डॉक्टर के पास आता है तो डॉक्टर कभी मना नहीं करता और थकान के बावजूद सेवा देता है . यही भावना चिकित्सा क्षेत्र की पहचान है . उन्होंने चिकित्सकों की एक मजबूत टीम बनाने और जिले के सभी निजी डॉक्टरों की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए .डॉ. बघेल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर का उल्लेख करते हुए सभी से रक्तदान करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की . उन्होंने रक्तदान के महत्व और इससे होने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी दी .कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र रघुवंशी, डॉ. राहुल भट्ट, डॉ. शिवराज सिंह, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. प्रीत विश्वास, डॉ. अनिवेश प्रताप सिंह, डॉ. अमित राठौर सहित कई चिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे .अंत में विदिशा टीम द्वारा डॉ. बघेल को सांची तक काफिले के रूप में विदा किया गया . उन्होंने आश्वासन दिया कि विदिशा क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं के विकास के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा .

# डिजिटल भारत के लिए युवा थीम पर एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय, विदिशा के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम धनौरा हवेली में सफलतापूर्वक समापन हुआ. यह शिविर 14 मार्च से 20 मार्च तक डिजिटल भारत के लिए युवा थीम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्रामीण विकास एवं जनजागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई.**

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, डिजिटल साक्षरता, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर व्यापक गतिविधियाँ संचालित कीं. गाँव में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई का संदेश दिया गया, वहीं घर-घर संपर्क कर नागरिकों को डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन सेवाओं एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया. इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने साक्षरता अभियान, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता तथा स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में भी सहभागिता की. विशेष रूप से स्वयंसेवकों द्वारा मुरेल खुर्द स्तूप के आसपास क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त करने का अभियान चलाया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से दिया गया. शिविर में प्रतिदिन बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों एवं वक्ताओं ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सीजीएस महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. घनश्याम चौकसे ने व्यक्तित्व विकास एवं अनुशासन पर प्रकाश डाला.

# नवरात्र पर मां भद्रकाली की भव्य स्थापना, इतिहास में जुड़ा स्वर्णिम अध्याय



नवभारत न्यूज

**कुरवाई, विदिशा जिले के बेतवा नदी के पावन तट पर बसे ऐतिहासिक नगर कुरवाई में इस चैत्र नवरात्र पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है . नगर के इतिहास में पहली बार मां भद्रकाली की भव्य और विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है .**

मंडी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 11 में मां शांभवी श्री नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस भव्य आयोजन को साकार किया गया है . यहां सजी मां भद्रकाली की अलौकिक झांकी को देखने के लिए श्रद्धालुओं का लगातार सैलाब उमड़ रहा है . पूरा क्षेत्र भक्ति, रोशनी और उत्साह से जगमगा रहा है .समिति द्वारा तैयार किए गए मंच को रंग-बिरंगी झालरों और कृत्रिम फूलों से आकर्षक रूप दिया गया है . मंच के मध्य स्थापित मां भद्रकाली की प्रतिमा अपने तेजस्वी और रौद्र स्वरूप में भक्तों को आकर्षित कर रही है . एलईडी लाइटों की सजावट ने दृश्य को और भी दिव्य बना दिया है . सुबह और शाम की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं . 'जय माता दी' और 'जय भद्रकाली' के जयकारों से पूरा माहौल गूंज रहा है . यह आयोजन अब पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है .

समिति के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य नगर में धार्मिक जागरूकता बढ़ाना और नवरात्र पर्व को भव्य रूप देना है . उन्होंने कहा कि भविष्य में इस आयोजन को और भी बड़े स्तर पर किया जाएगा . इस ऐतिहासिक आयोजन ने कुरवाई नगर को एक नई धार्मिक पहचान दी है . मां भद्रकाली की यह भव्य झांकी न केवल आस्था का केंद्र बनी है, बल्कि सामाजिक एकता और उत्सव का प्रतीक भी बन गई है .

# नटेरन भारतीय किसान संघ की बैठक पमारिया में विश्वकर्मा जैविक फार्म हाउस में हुई संपन्न

नवभारत न्यूज

**नटेरन, भारतीय किसान संघ की बैठक शुक्रवार 20 मार्च को पमारिया में बालकृष्ण विश्वकर्मा के जैविक फार्म हाउस पमारिया में सम्पन्न हुई बैठक में भारत माता गौ माता और मिट्टी की पूजन दीप प्रज्वलित कर भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया गया किसानों ने संकल्प लिया है.**

हम अपने परिवार के लिए जैविक अन्न और सब्जी उगाएंगे अपने परिवार को बीमारियों से बचाएंगे संभाग उपाध्यक्ष भगवान सिंह रघुवंशी ने किसानों को किया संबोधन विदिशा जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन ने भारतीय किसान संघ की रीति नीति और स्थापना दिवस के विषय में किसानों को बताया कोषाध्यक्ष राज्य श्रीवास्तव ने भारतीय किसान संघ की अभी तक की उपलब्धियां के विषय में बात रखी बैठक में कुछ किसानों ने अपनी समस्याएं भी बताई जिसमें किसानों पर नरवाई जलाने पर प्रशासन द्वारा अर्थदंड के नोटिस दिए जा रहे हैं जिस पर निर्णय लिया गया है. कि यदि किसानों पर कार्रवाई होती है तो भारतीय किसान संघ योजना बनाकर शासन प्रशासन का घेराव करेगा.

बैठक में संभाग उपाध्यक्ष भगवान सिंह रघुवंशी जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव तहसील प्रभारी प्राण सिंह जिला प्रचार प्रसार प्रमुख दीपक शर्मा रघुवंशी जिला सदस्य वीर सिंह रघुवंशी कमल सिंह यादव तहसील अध्यक्ष बालमुकुंद तिवारी उपाध्यक्ष ब्रजमोहन मीणा मंत्री दौलत सिंह लोधी सह मंत्री रामगोपाल मीणा प्रचार प्रसार प्रमुख कोक सिंह रघुवंशी यशपाल रघुवंशी आदि शामिल हुए.

**बर्बादी** | **अचानक बदले मौसम ने मचाई तबाही, 5 से 10 प्रतिशत नुकसान का प्रारंभिक अनुमान**

# कुरवाई तहसील के 11 गांवों में ओलों का कहर, किसानों की फसलों को नुकसान



नवभारत न्यूज

**कुरवाई, शुक्रवार दोपहर कुरवाई तहसील के किसानों पर प्राकृतिक आपदा कहर बनकर टूटी . अचानक बदले मौसम के मिजाज ने देखते ही देखते खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा दिया . तेज गर्जना, हल्की बारिश और चने के आकार की ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया .**

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 1:30 बजे से 2 बजे के बीच क्षेत्र में तेज मौसम परिवर्तन हुआ . इस दौरान गिरे ओलों ने गेहूं और चने की पकी हुई फसलों को बुरी तरह प्रभावित किया . लेतनी, कोठा, नावरा, सांकरोद, सिहोरा, बेलई, तलापार, गंभीरिया, बरुआल, गुदावल और लोहारा सहित करीब 11 गांवों में इसका असर देखा गया .खेतों में कटाई के लिए तैयार फसलें ओलों की मार से झड़ गईं और कई जगह गेहूं की बालियां टूटकर जमीन पर गिर गईं . चने और सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचा है . प्रारंभिक आंकलन के अनुसार किसानों को 5 से 10 प्रतिशत तक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है .प्रभावित किसान कमल सिंह तोमर ने बताया कि उन्होंने खून-पसीने से फसल तैयार की थी और कटाई की तैयारी चल रही थी, लेकिन ओलावृष्टि ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया . अब उन्हें केवल शासन से मुआवजे की उम्मीद है .घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग अलर्ट मोड पर आ गया . तहसीलदार नागेश पवार ने बताया कि हल्का पटवारियों और आरआई को तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है . सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद शासन के नियमानुसार राहत राशि की प्रक्रिया शुरू की जाएगी .

इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है . एक ओर जहां फसल कटाई का समय था, वहीं अब नुकसान की भरपाई को लेकर किसान परेशान नजर आ रहे हैं . प्रशासन द्वारा शीघ्र सर्वे और राहत की उम्मीद जताई जा रही है .

# रेल्वे स्टेशन पर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ, मुसाफिरों को मिलेगी राहत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर रेल्वे स्टेशन पर नागरिक सेवा समिति द्वारा संचालित निशुल्क पानी की प्याऊ का शुभारंभ हुआ इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह स्टेशन अधीक्षक एसके पाल सुरेश जैन ओम हार्डवेयर सतीश जैन मंत्री स्टेशन विद्युत प्रभारी संतोष उपाध्याय राधेश्याम साहू अतिथि के रूप में मौजूद रहे उल्लेखनीय है कि प्याऊ की जल सेवा विगत 42 वर्षों से निरंतर जारी है.**

जन सहयोग से यह व्यवस्था संचालित होती है. इस वर्ष की सेवा के प्रायोजक ओम हार्डवेयर परिवार है जिन्होंने स्वर्गीय राकेश जैन की पुण्य स्मृति में यह जिम्मेदारी स्वीकार की है समिति द्वारा प्रायोजक परिवार का सम्मान किया गया साथ ही वर्ष भर सेवाएं देने वाले साथियों को पुष्पमाला पहनकर सम्मानित किया. इस मौके पर समिति के नानजी भाई शाह सुरेश ताम्रकार लाल बहादुर ताम्रकार संतोष शर्मा महेंद्र सिंह सूर्यवंशी सतपाल तनवानी राधेश्याम साहू दयाशंकर जायसवाल राम गोपाल गुप्ता प्रकाश वाधवानी प्रकाश माहेश्वरी संतोष शर्मा विनीत अरोरा जगदीश भावसार तुलसीराम नामदेव दयाशंकर जायसवाल प्रदीप नेमा गोविंद नारायण खंडेलवाल मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन रवीन्द्र जैन द्वारा किया गया एवं आभार योगेश भाई शाह ने माना उक्त जानकारी समिति के प्रवक्ता राजकुमार मलकानी ने दी.